दिनांक : 06.12.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार .......

- केंद्र सरकार सहकारिता के जरिए ग्रामीण तकनीक और मानवता को सशक्त बनाएगी, कहा केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने।
- एक भारत-श्रेष्ठ भारत का प्रतिबिंब है राष्ट्रीय बालरंग, कहा- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने।
- एक बीघा से एक लाख रूपए की कमाई करने वाले किसानों को सम्मानित करने की बनेगी योजना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को दिए निर्देश।

- प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर जारी।

**अमित शाह-सहकारिता**

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कल गांधी नगर में कृषि, ग्रामीण तकनीक और मानवता को सशक्त बनाने से सम्बंधित अर्थ समिट 2025 का उद्घाटन किया और सहकार सारथी पहल के अंतर्गत 13 से अधिक नई सेवाओं और उत्पादों का भी शुभारंभ किया। इन नई पहलों में डिजी केसीसी, कैम्पेन सारथी, वैबसाइट सारथी, सहकारी शासन सूचकांक, विश्व का सबसे बड़ा अनाज भण्डारण एप्लीकेशन ई-पीएसीएस, शिक्षा सारथी प्रौद्योगिकी फोरम शामिल हैं। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा-

**विमानन-सरकार**

नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि इंडिगो की उड़ानों में देरी और रद्दीकरण की स्थिति में सुधार हो रहा है और उम्मीद है कि आज से यात्रियों को प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। श्री नायडु ने कहा कि सरकार का मुख्य ध्यान हवाई अड्डों पर लंबित उड़ानों की संख्या कम करने पर है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी आवश्यक हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रही है।

**राष्ट्रीय बालरंग**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल में प्रतिवर्ष होने वाला राष्ट्रीय बालरंग 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के उद्देश्य को बेहतर तरीके से पूरा कर रहा है। राजधानी भोपाल के राष्ट्रीय इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में राष्ट्रीय बालरंग समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि राष्ट्रीय बालरंग से यह परिसर मिनी भारत का रूप बन जाता है।

मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने लोक नृत्य पर केन्द्रित प्रतियोगिता के विजेता राज्यों के बच्चों को ट्राफी भेंट की। राष्ट्रीय बालरंग में प्रथम पुरस्कार झारखंड के छऊ लोकनृत्य को मिला। दूसरा पुरस्कार हरियाणा के घूमर लोकनृत्य और तीसरा पुरस्कार असम के बिहू लोकनृत्य को मिला। सांत्वना पुरस्कार मध्यप्रदेश के अहीर नृत्य, हिमाचल प्रदेश के नाटी लोकनृत्य और तीसरा सांत्वना पुरस्कार चंडीगढ़ के भांगड़ा, लुड्डी और झूमर नृत्य को मिला।

**एसआईआर**

भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने शुक्रवार को वर्चुअल बैठक के माध्यम से देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश में हो रही उत्कृष्ट प्रगति की सराहना करते हुए प्रदेश को बधाई दी। प्रदेश के दतिया जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य तेजी से चल रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिले की तीनों विधानसभाओं में मतदाता संख्या के बराबर 100 प्रतिशत सत्यापन होना, प्रशासनिक दक्षता, टीमवर्क और फील्ड स्तर पर किए गए उत्कृष्ट कार्य का प्रमाण है। विस्तृत ब्यौरा हमारे संवाददाता से -

**किसान सम्मान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लखपति दीदी के समान लखपति बीघा का लक्ष्य रखते हुए एक बीघा से एक लाख रूपए की कमाई करने वाले किसानों को भी सम्मानित किया जाए। प्रदेश में उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने और अद्यतन तकनीक का इस्तेमाल कर बेहतर उपज लेने के लिए ग्राम स्तर पर सघन गतिविधियां संचालित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को ये निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन

पटेल, पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**होमगार्ड स्थापना दिवस**

प्रदेश में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा संगठन का स्थापना दिवस आज पूरे उत्साह और सम्मान के साथ मनाया जा रहा है। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन राजधानी भोपाल के जहांगीराबाद स्थित होमगार्ड्स परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे से किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

मंडला समेत प्रदेश के सभी जिलो में समारोह होंगे। होमगार्ड संगठन हर साल 6 दिसंबर को स्थापना दिवस मनाता है। यह कार्यक्रम राजधानी सहित प्रदेश के सभी जिलों में भी आयोजित किया जाता है। इस वर्ष राज्य शासन द्वारा पहली बार "मुख्यमंत्री अदम्य साहस पुरस्कार" शुरू किया गया है। यह पुरस्कार उन होमगार्ड सैनिकों, एसडीईआरएफ सदस्यों और सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने आपदा के समय स्वयं की परवाह किए बिना नागरिकों की जान बचाई।

**महापरिनिर्वाण दिवस**

राष्ट्र आज भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर को उनकी 70वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। यह दिन महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ. अंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता थे। इस अवसर पर देश भर में आज कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति आज सुबह नई दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

**मौसम समाचार**

प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान लगभग सभी जिलों में मौसम शुष्क बना रहा। राजधानी भोपाल समेत आसपास के जिलों में शीतलहर की स्थिति है। मौसम केंद्र, भोपाल के अनुसार, प्रदेश में कल सबसे कम न्यूनतम तापमान रीवा में पांच दशमलव आठ, शहडोल, राजगढ़ और हिल स्टेशन पचमढ़ी में छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले चार दिनों तक मौसम इसी तरह ठंडा बने रहने का अनुमान है।

**क्रिकेट**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरा और अंतिम एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबला आज विशाखापत्तनम में खेला जाएगा। मैच दोपहर डेढ बजे शुरू होगा। दोनों टीम श्रृंखला में 1-1 की बराबरी पर है। ऐसे में यह मुकाबला श्रृंखला के विजेता का फैसला करेगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये आगरमालवा पुलिस विभाग द्वारा कल देर शाम निकाली गई बाईक रैली में पुलिस अधिकारी कर्मचारी हेलमेट पहनकर लोगों को जागरूक किया गया।
- शिवपुरी के कृषि विज्ञान केंद्र पर विश्व मृदा दिवस पर कल थीम ष्स्वस्थ शहरों के लिए स्वस्थ मिट्टी पर विचार गोष्ठीए प्रतियोगिता सह व्याख्यानों का आयोजन किया गया।
- खंडवा के ओंकारेश्वर में 40वां अद्वैत जागरण युवा शिविर कल से शुरू हुआ। यह शिविर आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास और संस्कृति विभागए मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित किया जा रहा है।
- भोपाल में कल रन भोपाल रन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के चलते सुबह साढ़े पांच बजे से टीटी नगर स्टेडियम समेत अन्य रास्तों पर यातायात व्यवस्था बदली रहेगी।
- झाबुआ जिले में पेंशन हितग्राहियों के घर.घर भौतिक सत्यापन का कार्य जारी है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के दिशा.निर्देशों के अनुसार जिन हितग्राहियों की पेंशन रोकी गई हैए उनका सत्यापन किया जा रहा है।
- चेन्नई में एफआईएच पुरुष हॉकी जूनियर विश्व कप मेंए भारत ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बेल्जियम को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

-------